(ख) शाखा कार्यालयों में अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की नियुक्त के समय साक्षात्कार का कोई प्रावधान नहीं है। इनकी नियुक्ति रोजगार कार्यालय से जो नाम प्राप्त होते हैं, उनमें से शैक्षिक योग्यता, आय के साधन तथा आवासीय अपेक्षाओं के आधार पर की जाती है।

(ग) इस संबंध में, अतिरिक्त विभागीय एजेंटों के दो पदों के लिए रोजगार कार्यालय से निर्धारित समय-सीमा के भीतर कोई नाम प्राप्त नहीं हुआ था। बाद में जारी की गई सार्वजनिक सूचना के आधार पर अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टर के पद के लिए केवल श्री धर्मपाल/धर्मचन्द पुत्र श्री खामाराम से ही एक आवेदन प्राप्त हुआ था। अतिरिक्त विभागीय वितरण एजेंट के पद के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था।

(घ) जब अतिरिक्त विभागीय एजेंट के पद पर नियुक्ति के लिए केवल एक ही उम्मीदवार का नाम प्राप्त होता है, तब नियुक्ति करने से पूर्व उच्चतर प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होता है। चूंकि इस मामले में इस प्रक्रिया का पालन किए बिना अनंतिम आधार पर नियुक्ति की जानी थी, जिसकी वजह से शिकायतें प्राप्त हुई, इसलिए वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर मंडी के आदेशानुसार डाकघर खोलना स्थगित कर दिया गया।

(ङ) और (च) रोजगार कार्यालय को 19.1.1994 को पुनः लिखा गया व अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टर के पद के लिए चार नाम प्राप्त हुए, जिनके कागजातों की जांच की जा रही है। तथापि, अतिरिक्त विभागीय वितरण एजेंट के पद के लिए अभी भी कोई नाम प्राप्त नहीं हुआ है। डाकघर का खोला जाना अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने पर निर्भर करता है।

सौराष्ट्र में टेलीफोन की प्रतीक्षा सूची

2030. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान सौराष्ट्र के विभिन्न जिलों में नये टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची की वर्षवार स्थिति क्या थी;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इन जिलों में कितने नये टेलीफोन कनेक्शन जारी किये गये और 31 जनवरी, 1994 की प्रतीक्षा सूची के शेष आवेदकों की स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान सौराष्ट्र क्षेत्र में कितने नये टेलीफोन कनेक्शन प्रतीक्षा सूची के अनुसार जारी किये जायेंगे ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) :

(क) प्रतीक्षा सूची की वर्षवार स्थिति

	90–91	91–92	92–93
1. अमरेली	700	1188	1784
2. भावनगर	6090	8017	10409
3. जामनगर	1722	1345	2306
4. जूनागढ़	742	2260	3642
5. राजकोट	8128	10138	13551
6. सुरेन्द्रनगर	1005	1804	1968

(ख) प्रदान किए गए टेलीफोन कनैक्शन

	1990–91	1991–92	1992–93
1. अमरेली	270	415	710
2. भावनगर	1631	837	1697
3. जामनगर	603	1644	1288
4. जूनागढ़	1056	2260	1245
5. राजकोट	527	3250	4073
6. सुरेन्द्रनगर	333	460	1653

31–1–94 तक की स्थिति के अनुसार प्रतीक्षा सूची में शेष आवेदकों की स्थिति :

1. अमरेली	2131
2. भावनगर	12368
3. जामनगर	3050
4. जूनागढ़	5671
5. राजकोट	14288
6. सुरेन्द्रनगर	1716

(ग) 15,500